Roll No.

... tions 20

... d Pages – 7

# SS-01-Hindi (C)

## हिंदी (अनिवार्य)

### उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2022

**समय : 2 घंटे 45 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

GENERAL INSTRUCTION TO THE EXAMINEES :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

(5) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

## खण्ड – अ

बहुविकल्पी प्रश्न –

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

$12 \times 1 = 12$

जो समझता है कि वह दूसरों का उपकार कर रहा है, वह अबोध है, जो समझता है कि दूसरे उपकार कर रहे हैं. वह बुद्धिहीन है कौन किसका उपकार करता है – कौन किसका अपकार कर रहा है ? मनुष्य जी रहा है, केवल जी रहा है, अपनी इच्छा से नहीं, इतिहास विधाता की योजना के अनुसार। किसी को उससे सुख मिल जाये, बहुत अच्छी बात है; नहीं मिल सका कोई बात नहीं, परन्तु उसे अभिमान नहीं होना चाहिये। सुख पहुँचाने का अभिमान तो नितरांत गलत है। दुःख और सुख तो मन के विकल्प हैं। सुखी वह है जिसका मन वश में है, दुःखी वह है जिसका मन परवश है। जिसका मन अपने वश में नहीं है वही दूसरे के मन का छंदावर्त्तन करता है। अपने को छिपाने के लिये मिथ्या आडम्बर रचता है, दूसरों को फंसाने के लिए जाल बिछाता है।

(1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक है — 1

(अ) सुख और दुःख — (ब) आडम्बर

(स) अबोध — (द) बुद्धिहीन

(2) सुखी कौन है ? — 1

(अ) जिसका मन वश में है। — (ब) जो मिथ्याडम्बर रचता है।

(स) जिसका मन परवश है। — (द) जो अभिमानी है।

(3) मनुष्य किसलिये जी रहा है ? — 1

(अ) अपनी इच्छा से — (ब) विधाता की योजना के अनुसार

(स) अभिमान करने के लिये — (द) जाल बिछाने के लिये

(4) मिथ्या आडम्बर कौन रचता है ? — 1

(अ) जो जीना चाहता है। — (ब) जो मन के वश में नहीं है।

(स) जिसक मन अपने वश में नहीं है। — (द) जो बुद्धिहीन है।

(5) अबोध कौन है ? — 1

(अ) जो समझता है कि वह दूसरों पर उपकार कर रहा है।

(ब) अभिमानी मनुष्य

(स) जो बुद्धिहीन है।

(द) मिथ्याचारी मनुष्य

(6) सुख और दुःख क्या हैं ? — 1

(अ) मिथ्या आडम्बर — (ब) अभिमान

(स) मन के विकल्प — (द) ईश्वर की योजना

निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

रोना और मचल जाना भी क्या आनंद दिलाते थे ।
बड़े-बड़े मोती से आँसू जयमाला पहनाते थे ।।
मैं रोई, माँ काम छोड़कर आई, मुझको उठा लिया ।
झाड़-पोंछ कर चूम-चूम कर गीले बालों को सुखा दिया ।।
दादा ने चंदा दिखलाया नैन नीर-युत दमक उठे ।
धुली हुई मुस्कान देखकर सबके चेहरे चमक उठे ।।
वह सुख का साम्राज्य छोड़कर मैं मतवाली बड़ी हुई ।
लुटी हुई कुछ ठगी हुई-सी दौड़ द्वार पर खड़ी हुई ।।

(7) "रोना और मचल जाना" क्या दिलाता था ? **1**

(अ) आनन्द (ब) भय

(स) दुःख (द) क्रोध

(8) जयमाला किसकी बनी होती थी ? **1**

(अ) फूलों की (ब) मोतियों की

(स) आँसुओं की (द) आनंद की

(9) सबके चेहरे क्यों चमक उठे ? **1**

(अ) मुस्कान देखकर (ब) आँसू देखकर

(स) रोने से (द) चंदा देखकर

(10) इस पद्यांश का शीर्षक क्या हो सकता है ? **1**

(अ) जीवन (ब) दादा

(स) बचपन (द) जयमाला

(11) दादा ने कवयित्री को क्या दिखलाया ? **1**

(अ) चंदा (ब) मोती

(स) साम्राज्य (द) नैन

(12) 'नैन नीर-युत' का क्या अर्थ है ? **1**

(अ) सुख (ब) आँसू

(स) पानी (द) आँसू भरी आँखें

2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 6

(1) ________ मौखिक अभिव्यक्ति का माध्यम है । 1

(2) भाषा का लिखित रूप ही ________ कहलाता है । 1

(3) "घोड़ा सवारी के काम आता है ।" वाक्य में ________ शब्द शक्ति है । 1

(4) लक्षणों पर आधारित अर्थ का बोध कराने वाली ________ शब्द शक्ति होती है । 1

(5) 'चारु-चन्द्र की चंचल किरणें' उक्त काव्य-पंक्ति में ________ वर्ण की आवृत्ति के कारण ________ अलंकार है । 1

(6) जहाँ शब्द की आवृत्ति हो किन्तु अर्थ भिन्न हो वहाँ ________ अलंकार होता है । 1

3. निम्नलिखित अतिलघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए : 11

(1) निम्न पारिभाषिक शब्दों के अर्थ लिखिए :

(अ) Notice

(ब) Circular

½ × 2 = 1

(2) शब्द कोश क्या होता है ? 1

(3) इंटरनेट पत्रकारिता से क्या आशय है ? 1

(4) 'भक्तिन' का वास्तविक नाम क्या था ? 1

(5) यशोधर बाबू अपनी घरवाली के आधुनिकाओं सा आचरण करने पर क्या कहकर उसका मजाक उड़ाते थे ? 1

(6) 'सिल्वर वैडिंग' से इस कहानी का क्या आशय है ? 1

(7) 'जूझ' कहानी के आधार पर बताइये कि लेखक के पिता ने उसकी पढ़ाई क्यों छुड़वा दी ? 1

(8) कविता से लगाव के बाद लेखक को अकेले रहना क्यों अच्छा लगने लगा ? 1

(9) कवि रघुवीर सहाय की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए । 1

(10) महादेवी वर्मा का जन्म कब और कहाँ हुआ था ? 1

(11) स्कूल में लेखक का ध्यान पढ़ाई में कब लगने लगा ? 'जूझ' कहानी के आधार पर बताइए । 1

## खण्ड – ब

**निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 40 शब्दों में दीजिए :** **18**

4. मुद्रित माध्यम में लेखन के लिये किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? **2**

5. पत्रकारीय लेखन पर टिप्पणी लिखिये । **2**

6. अध्यापक और छात्र के बीच गृह–कार्य करने को लेकर पाँच वाक्य लिखिये । **2**

7. 'बात सीधी थी पर' कविता की मूल संवेदना क्या है ? **2**

8. "पतंगों के साथ–साथ वे भी उड़ रहे हैं" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए । **2**

9. शिरीष को कालजयी अवधूत मानने के पीछे लेखक ने क्या तर्क दिये हैं ? **2**

10. जैनेन्द्र जी के अनुसार 'पर्जेजिंग पावर' क्या है ? 'बाजार–दर्शन' पाठ के आधार पर समझाइए । **2**

11. यशोधर बाबू ऑफिस से घर लेट क्यों पहुँचते थे ? **2**

12. दत्ता जी राव ने लेखक की मदद किस प्रकार की ? 'जूझ' कहानी के आधार पर समझाइए । **2**

## खण्ड – स

**निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए :**

13. "कैमरे में बंद अपाहिज" कविता में प्रश्नकर्ता का क्या उद्देश्य रहा है, उसके स्थान पर यदि आप होते तो साक्षात्कार किस प्रकार से लेते ? **3**

**अथवा**

'उषा' कविता के आधार पर बताइये कि कवि ने किन उपमानों का प्रयोग कर कविता को गतिशीलता दी है ? इसके आधार पर अन्य किन उपमानों का प्रयोग किया जा सकता है ?

14. 'भगत जी' का आचार समाज शांति और समता की स्थापना में किस प्रकार सहायक हो सकता है ? 3

**अथवा**

ढोलक की थाप मृत गाँव में किस प्रकार संजीवनी भरती थी ? पठित कहानी 'पहलवान की ढोलक' के आधार पर लिखिए ।

15. "सिल्वर वैडिंग" कहानी में यशोधर बाबू और उनकी पत्नी के बीच वैचारिक अंतर में पीढ़ी के बीच का वैचारिक अंतर दिखाई देता है । उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए । 3

**अथवा**

एक विद्यार्थी के जीवन में गुरु का क्या महत्त्व होता है ? 'जूझ' कहानी के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

16. हरिवंश राय बच्चन का कवि परिचय लिखिए । 3

**अथवा**

धर्मवीर भारती का लेखक परिचय लिखिए ।

## खण्ड – द

17. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2 + 4 = 6

ज़िंदगी में जो कुछ है, जो भी है
सहर्ष स्वीकारा है ;
इसलिये कि जो कुछ भी मेरा है
वह तुम्हें प्यारा है ।
गरबीली गरीबी यह, ये गंभीर अनुभव सब
यह विचार-वैभव सब
दृढ़ता यह, भीतर की सरिता यह अभिनव सब
मौलिक है, मौलिक है
इसलिये कि पल-पल में
जो कुछ भी जाग्रत है अपलक है –
संवेदन तुम्हारा है ।

**अथवा**

दीवाली की शाम घर पुते और सजे
चीनी के खिलौने जगमगाते लावे
वो रूपवती मुखड़े पै इक नर्म दमक
बच्चे के घरौंदे में जलाती है दिये
आँगन में ठुनक रहा है जिदयाया है
बालक तो हई चाँद पै ललचाया है
दर्पण उसे दे के कह रही है माँ
देख आइने में चाँद उतर आया है ।

18. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **2 + 4 = 6**

भक्तिन और मेरे बीच में सेवक–स्वामी का संबंध है, यह कहना कठिन है; क्योंकि ऐसा कोई स्वामी नहीं हो सकता, जो इच्छा होने पर भी सेवक को अपनी सेवा से हटा न सके और ऐसा कोई सेवक भी नहीं सुना गया जो स्वामी के चले जाने का आदेश पाकर अवज्ञा से हँस दे । भक्तिन को नौकर कहना उतना ही असंगत है जितना अपने घर में बारी–बारी से आने–जाने वाले अंधेरे–उजाले और आँगन में फूलने वाले गुलाब और आम को सेवक मानना । वे जिस प्रकार एक अस्तित्व रखते हैं, जिसे सार्थकता देने के लिये ही हमें सुख दुख देते हैं, उसी प्रकार भक्तिन का स्वतंत्र व्यक्तित्व अपने विकास के परिचय के लिये ही मेरे जीवन को घेरे हुए है ।

**अथवा**

कुछ देर जीजी चुप, फिर मठरी मेरे मुँह में डालती हुई बोली, "देख बिना त्याग के दान नहीं होता । अगर तेरे पास लाखों–करोड़ों रुपये हैं और उसमें से तू दो–चार रुपये किसी को दे दे तो यह क्या त्याग हुआ । त्याग तो वह होता है कि जो चीज तेरे पास भी कम है, जिसकी तुझको भी ज़रूरत है तो अपनी ज़रूरत पीछे रख कर दूसरे के कल्याण के लिए उसे दे तो त्याग तो वह होता है, दान तो वह होता है, उसी का फल मिलता है ।"

19. अपने विद्यालय के लिये खेलकूद सामग्री क्रय करने हेतु निविदा तैयार कीजिए । **4**

**अथवा**

सचिव मा. शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर की ओर से दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा तिथि परिवर्तन की विज्ञप्ति तैयार कीजिए ।

20. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए : (शब्द–सीमा 300 शब्द) **5**

(1) वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए इंटरनेट की आवश्यकता
(2) असम और राजस्थानी संस्कृति – समन्वय और विभिन्नताएँ
(3) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
(4) बढ़ती महँगाई का जीवन पर प्रभाव

---